जबसे हुई है तेरी मेहरबानी

जबसे हुई है तेरी मेहरबानी,
तुमने बदल दी ये दुनिया बदली ज़िंदगानी.....

तेरी कृपा के साये में रहकर रहती ना मुझको कोई फिकर है,
खाटू वाले तुमने हमेशा रखी है मुझपे अपनी नज़र है,
हो गए दुःख अब बीती कहानी,
तुमने बदल दी ये दुनिया बदली ज़िंदगानी.....

ना जाने किस बात पे खुश हो तुमने मुझको है अपनाया,
अपनी दया के फूल से तुमने जीवन बगिया को महकाया,
शुकर करूँ तेरा शीश के दानी,
तुमने बदल दी ये दुनिया बदली ज़िंदगानी....

प्यार मिला दरबार मिला तेरा अपनी किस्मत पे इतराऊं,
इतनी खुशियां पाई है तुमसे हर पल मैं तो मौज मनाऊं,
आये ना कुंदन आँख में पानी,
तुमने बदल दी ये दुनिया बदली ज़िंदगानी......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27258/title/jabse-huyi-hai-teri-meharbani

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |